# राजधानी में सड़क, शूटिंग व नाइट सफारी के लिए मिले 1827 करोड़

**प्रदेश के बजट में राजधानी को कई सौगातें मिली हैं। सरकार ने लखनऊ में सड़क निर्माण, शूटिंग रेंज और नाइट सफारी के विकास के लिए 1827 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। सीएम ग्रिड योजना के दूसरे फेज में 125 करोड़ के खर्च से चार सड़कें बनेंगी। अमौसी के हड़ाइन खेड़ा में बने शूटिंग रेंज को अब 192 करोड़ से अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाया जाएगा जबकि कुकरैल वन क्षेत्र में में नाइट सफारी और चिड़ियाघर विकसित करने के लिए 1510 करोड़ खर्च किए जाएंगे।**

## दूसरे फेज में 125 करोड़ से बनेंगी चार सड़कें, टेंडर जारी

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (सीएम ग्रिड) योजना के दूसरे फेज में 125 करोड़ रुपये की लागत से चार सड़कें बनाई जाएंगी। इसके लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं।

**सीएम ग्रिड योजना**

सीएम ग्रिड योजना के पहले फेज में सात सड़कें शामिल हैं। इनके निर्माण पर 186 करोड़ रुपये खर्च होंगे। पहले फेज का काम शुरू हो चुका है। नगर निगम ने दूसरे फेज में बनने वाली चार सड़कों को बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा था। शासन से दो सड़कों के निर्माण का आदेश जारी किया था।

### अभी तीन सड़कों का शासन से मिला है आदेश, एक का बाकी

नगर निगम ने जनवरी में दो सड़कों को बनाने के लिए टेंडर जारी किया, लेकिन कोई भी टेंडर नहीं आया। नगर निगम ने अब दोबारा टेंडर जारी किए हैं। इसमें 14 दिन का समय दिया गया है। शासन ने तीसरी सड़क के निर्माण पर भी मुहर लगा दी है। अब उस सड़क भी टेंडर नगर निगम जारी करेगा। इसकी आरएफपी तैयारी की जा रही है।

### दूसरे फेज में ये सड़कें शामिल

- महात्मा गांधी मार्ग से राणा प्रताप मार्ग तक (मोती महल मार्ग)।
- विपुल खंड में नीरज चौक से एसआरएस मॉल तक।
- विभूति खंड में सूचना आयोग के सामने रेलवे स्टेशन को जाने वाली रोड।
- अयोध्या मार्ग पर चिनहट तिराहा सर्विस रोड से अवध बस स्टेशन तक।

> दूसरे फेज में बनने वाली सड़कों के लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं। टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही काम शुरू हो जाएगा।
> –अतुल मिश्रा, प्रोजेक्ट मैनेजर नगर निगम

## 1510 करोड़ कुकरैल नाइट सफारी के लिए

लखनऊ। कैबिनेट ने लखनऊ के कुकरैल वन क्षेत्र में नाइट सफारी और चिड़ियाघर के लिए 1510.57 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। इसमें थर्ड पार्टी ऑडिट का व्यय भी शामिल है। जानकारों का कहना है कि कुकरैल वन क्षेत्र में नाइट सफारी के लिए मार्च के बाद काम शुरू हो जाएगा। इसके पहले चरण का निर्माण 2026 के अंत तक कराने का लक्ष्य रखा गया है। जल्द ही इस योजना के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी की जाएगी। कार्य पूरा होने के बाद हजरतगंज चिड़ियाघर को कुकरैल शिफ्ट किया जाएगा। (ब्यूरो)